सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-521
27/10/2017

मुख्यमंत्री ने पूरी सादगी एवं श्रद्धा के साथ उदयीमान भगवान भाष्कर को अर्घ्य अर्पण किया

पटना, 27 अक्टूबर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था का महापर्व छठ के अंतिम दिन आज अहले सुबह अपने आवास 1, अणे मार्ग स्थित तालाब में पूरी सादगी एवं श्रद्धा के साथ उदयीमान भगवान भाष्कर को अर्घ्य अर्पित किया तथा ईश्वर से राज्य एवं देशवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिये प्रार्थना की।

आज राज्य के विभिन्न नदियों एवं तालाबों में बड़ी संख्या में छठव्रतियों ने उदयीमान भगवान भाष्कर को अर्घ्य अर्पित किया और शांति एवं श्रद्धा के वातावरण में लोक आस्था का महापर्व छठ सम्पन्न हुआ।

******